समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

सबकी सक्रिय सहभागिता से कोरबा बनेगा साफ, स्वच्छ व सुंदर शहर–आयुक्त

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने ली स्वयंसेवी संगठनों की बैठक, शहर की स्वच्छता में सबकी सहभागिता पर दिया बल, आमजन को जागरूक करने का किया आव्हान)

कोरबा 08 फरवरी 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नगर के स्वयंसेवी संगठनों एवं आमनागरिकों का आव्हान करते हुए कहा है कि आईये आप हम सब मिलकर कोरबा को साफ, सुंदर व स्वच्छ शहर बनाएं अपनी आदतों एवं व्यवहार में परिवर्तन लाएं, इस हेतु सभी को जागरूक करें। उन्होने कहा है कि सबकी सक्रिय सहभागिता से ही कोरबा साफ, सुंदर व स्वच्छ शहर बनेगा, आप सभी के सहयोग से स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में प्रदेश एवं देश में सम्मानजनक स्थान बनाएगा।

आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में नगर के स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 का आगाज होने वाला है, इस सर्वेक्षण में हमारे कोरबा शहर को प्रदेश व देश में सम्मानजनक स्थान मिले, इस हेतु हम सबको मिलकर काम करना है। उन्होने कहा कि स्वयंसेवी संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं की इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होने वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल में स्वयंसेवी संगठनों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके इस महान योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता, उनके योगदान की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से हम ओडीएफ के लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं, अब लगभग सभी के घरों में शौचालय हैं तथा लोग उनका उपयोग कर रहे हैं, ठीक इसी प्रकार हम सबको शहर की स्वच्छता की दिशा में भी पूर्ण रूप से जागरूक होकर कार्य करना होगा।

जनजागरूकता आवश्यक – आयुक्त श्री पाण्डेय ने संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि शहर को साफ–सुथरा रखने में लोगों की जागरूकता अत्यंत

महत्वपूर्ण हैं, लोगों के व्यवहार एवं उनकी आदतों में बदलाव जरूरी है। उन्होने स्वयंसेवी संगठनों का आव्हान करते हुए कहा कि वे अपनी सक्रिय सहभागिता देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, उन्हे समझाएं कि वे घरों, दुकानों से निकले कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों में न डालें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही कचरे को डालें, यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा डालता है तो उसे रोका–टोका जाएं ताकि उसे अपनी गलती का अहसास हो।

संगठन सदस्यों ने रखें सुझाव– बैठक के दौरान विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आयुक्त श्री पाण्डेय की पहल का स्वागत करते हुए अपना पूरा–पूरा योगदान इस दिशा में देने की मंशा जताई तथा नगर की साफ–सफाई व्यवस्था व शहर की स्वच्छता पर अपने–अपने सुझाव रखें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सदस्यों द्वारा रखे गए सुझावों का स्वागत किया तथा कहा कि आपके द्वारा दिए गए सुझावों पर पूर्ण रूप से अमल किया जाएगा तथा आप सभी के सहयोग से शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर से बेहतर स्वरूप दिया जाएगा।

घर, दुकान, प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से रखें डस्टबिन – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आमनागरिकों, व्यापारीबंधुओं, दुकानदारों आदि से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान में सूखे व गीले कचरे के लिए दो पृथक–पृथक डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, डस्टबिन में कचरे को संग्रहित करें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदी के रिक्शे में ही कचरे को दें। उन्होने कहा है कि घरों, दुकानों का कचरा सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान में न डालें, शहर को साफ–सुथरा रखने एवं कोरबा को स्वच्छतम शहर बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

चलेगा स्वच्छता का महाअभियान– आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि निगम द्वारा शहर में 10 फरवरी से स्वच्छता का महाअभियान चलाया जाएगा, इस हेतु कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है, अभियान के तहत वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता टीमें पहुंचेगी तथा सम्पूर्ण साफ–सफाई का कार्य करेंगी। उन्होने आमनागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता के इस महाअभियान में अपना सहयोग दें।

बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी व उपायुक्त खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी किशोर अग्रवाल, पारस जैन, विक्रम अग्रवाल, नितिन चतुर्वेदी, विमल सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, दिलदार सिंह, श्रीमती गजेन्द्र राठौड, विकास डालमिया, प्रवीण कुमार, जगवीर सिंह गिल, हरवीर सिंह होरा, शैलेन्द्र सिंह सोमवंशी, प्रशीत महतो, मुक्ता अग्रवाल, रविकुमार, कविता सोनी, आनंद अग्रवाल, बी.के.लीना, बी.के.सारिका, लालिमा जायसवाल, पी.आई.यू. गौरव सिंह व शिल्पा राठौर आदि उपस्थित थे।